प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.11.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

नड्डा

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज मनाए जा रहे विश्व टीकाकरण दिवस के अवसर पर उचित समय और पूर्ण टीकाकरण के माध्यम से हर बच्चे और गर्भवती महिला को सुरक्षित रखने की देश की प्रतिबद्धता दोहराई है। एक सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि पोलियो और मातृ व नवजात शिशुओं के टिटनेस उन्मूलन में भारत की उपलब्धियां निरंतर टीकाकरण प्रयासों का परिणाम हैं। नड्डा ने सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम, यू–विन डिजिटल प्लेटफॉर्म और मिशन इंद्रधनुष अभियान जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके माध्यम से जीवनरक्षक टीकों की पहुंच बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि टीके की हर खुराक महत्वपूर्ण है और कोई भी बच्चा या गर्भवती महिला टीकाकरण के लाभ से वंचित नहीं रहने चाहिए।

मछली पालन

राज्य सरकार ने मत्स्य पालन क्षेत्र को सुदृढ़ करने और मछली पालकों व मछुआरों के आर्थिक हितों की रक्षा के लिए दो महत्वकांक्षी परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। इसके तहत ट्राउट पालकों के लिए जोखिम निधि और जलाशयों की मछलियों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की सुविधा शुरू की गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि सरकार किसानों और मछुआरों को सार्थक वित्तीय सहायता प्रदान कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जोखिम निधि प्राकृतिक आपदाओं के कारण नुकसान उठाने वाले ट्राउट पालकों को राहत प्रदान करेगी, जबकि न्यूनतम समर्थन मूल्य की व्यवस्था जलाशय मछुआरों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगी।

हवा गुणवत्ता

दीपावली के बाद देश के कई शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ा है लेकिन प्रदेश में हवा की गुणवत्ता काफी बेहतर बनी हुई है। वायु गुणवत्ता सूचकांक में प्रदेश की रैंकिंग आठ सौ 27वें स्थान पर है, जो कम प्रदूषण और बेहतर वायु गुणवत्ता को दर्शाता है। पर्यावरण विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग के चीफ साइंटिफिक अधिकारी सुरेश अत्री ने बताया कि अन्य राज्यों के औद्योगिक क्षेत्रों की तुलना में प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण का स्तर थोड़ा अधिक है लेकिन ये भी निर्धारित मानकों के भीतर है।

अन्नकूट पर्व

दीपावली का त्यौहार संपन्न होने के बाद आज कुल्लू में अन्नकूट का पर्व श्रद्धा व उलास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान रघुनाथ जी को पके हुए चावलों के ढेर पर बिठाकर उनकी पूजा अर्चना की गई और भोग लगाया गया। भगवान रघुनाथ जी के छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने बताया कि आज के दिन नई फसल का भोग लगाया जाता है।

वॉकथॉन

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में 13 नवम्बर को मंडी के पड्डल मैदान में एंटी चिट्टा जागरूकता वॉकथॉन आयोजित की जाएगी। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मंडी में इस कार्यक्रम को लेकर एक समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिट्टा जैसी घातक नशे की समस्या से समाज और विशेषकर युवा पीढ़ी को बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उपायुक्त ने लोगों से इस आयोजन में बढ़–चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया है।

प्रतियोगिता

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर कांगड़ा जिला के देहरा में 13 नवम्बर को विधानसभा स्तरीय प्रश्नोत्तरी व निबंध प्रतियोगिता करवाई जाएगी। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय निर्वाचन प्रणाली, संवैधानिक प्रावधानों और लोकतांत्रिक मूल्यों से संबंधित ज्ञान प्रदर्शित करने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करना है। निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी कुलवंत सिंह पोटन ने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों को निर्वाचन के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर प्रदान करती हैं।
